मंगलवार
05 सितंबर 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



सीएम से फरियाद... मेरी जमीन हड़प रहे हैं दबंग

2



### बैठक: डेंगू की रोकथाम के लिए सीएम ने दिए निर्देश

# नियमित रूप से डेंगू रोधी दवा का कराएं छिड़काव

- सीएम नीतीश बोले- अस्पतालों में बेड की संख्या पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे, ब्लड बैंक में प्लेटलेट्स की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं ताकि मरीजों को न हो कोई परेशानी

**केटी न्यूज/पटना**

डेंगू का डंक एक बार फिर लोगों को डराने लगा है। राज्य में लगातार बढ़ते मामले को देखते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को इसकी रोकथाम को लेकर उच्चस्तरीय बैठक की और अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने निर्देश देते हुए कहा कि अस्पतालों में बेड की संख्या पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे और मरीजों को इलाज में किसी प्रकार कोई असुविधा न हो। ब्लड बैंक में प्लेटलेट्स की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं ताकि मरीजों को किसी प्रकार की परेशान न हो। नीतीश कुमार ने सभी जगह डेंगू रोधी दवा का छिड़काव नियमित रूप से कराए जाने का निर्देश दिया। लोगों को जागरुक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट रहे और अस्पतालों में सभी जरूरी चीजों का इंतजाम रखें। अस्पतालों में बेड, चिकित्सक और दवा की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। जिलों में भी पदाधिकारी इस पर नजर बनाए रखें ताकि कोई मामला सामने आने के बाद तुरंत इलाज की व्यवस्था की जा सके।



## पटना के डीएम डेंगू संक्रमित, सीएम ने पूछा हालचाल

पटना के डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह से मिलने के लिए सीएम नीतीश कुमार अचानक पारस हॉस्पिटल पहुंच गए। सीएम नीतीश कुमार ने उनका हालचाल जाना। डॉक्टरों से बातचीत की। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन से डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह का ख्याल रखने की अपील की। दरअसल, डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह को डेंगू हो गया है। लगातार प्लेटलेट्स गिरने के कारण उनके पटना के एक बड़े प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था। पिछले 4 दिन से वह हॉस्पिटल में भर्ती हैं। इसी दौरान सीएम नीतीश कुमार को पटना डीएम के बीमार होने की सूचना मिली। इसके बाद फौरन वह उनसे मिलने पहुंच गए।

**हालत गंभीर होने पर चढ़ाना पड़ा प्लेटलेट्स:** डॉक्टर के अनुसार, पटना के डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह के प्लेटलेट्स काफी गिर गए थे। उनका इलाज चल रहा है। उनकी हालत में काफी सुधार हुआ है। इसके बाद एफेरेसिस मशीन से प्लेटलेट्स निकालकर उनके प्लेटलेट्स चढ़ाना पड़ा। हालांकि, उन्हें कमजोरी काफी अधिक लग रही है। बता दें कि पटना में लगातार डेंगू के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। इस सीजन में अब तक करीब 100 लोग ऐसे मिलने जो डेंगू से संक्रमित हैं।

# पीएम मोदी ने पदभार संभालने के बाद से नहीं ली है कोई छुट्टी

**आरटीआई से खुलासा**

- बीते 9 वर्षों में पीएम मोदी ने देश और विदेश में 3000 से अधिक कार्यक्रमों में लिया है हिस्सा
- पुणे के सिविल राइट एक्टिविस्ट आरटीआई से मांगी थी जानकारी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में पदभार संभालने के बाद से कोई छुट्टी नहीं ली है यही नहीं, बीते 9 वर्षों में उन्होंने देश और विदेश में 3000 से अधिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया है।



पुणे के एक सिविल राइट एक्टिविस्ट प्रफुल्ल शारदा को आरटीआई से ये जानकारी मिली है।

प्रफुल्ल शारदा ने आरटीआई के जरिए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से जानकारी मांगी थी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में पदभार संभालने के बाद से अब तक कितने दिन ऑफिस में उपस्थिति दर्ज कराई है। इस पर पीएमओ की ओर से बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार ड्यूटी पर हैं। उन्होंने ऑफिस में पदभार ग्रहण करने के बाद से एक भी दिन भी छुट्टी नहीं ली है। पीएमओ ने 31 जुलाई 2023 को ये जवाब दिया था।

इसके पहले 2015 में भी प्रधानमंत्री कार्यालय से आरटीआई के जरिए पीएम मोदी की उपस्थिति के बारे में जवाब मांगा गया था। तब बताया गया था कि उन्होंने कोई छुट्टी नहीं है। हालांकि, वो केवल पहले एक साल का आंकड़ा था। हालिया आरटीआई में प्रधानमंत्री मोदी के 9 सालों के कार्यकाल के बारे में जानकारी दी गई है।

**अनुराग ठाकुर ने कही थी 20 साल से छुट्टी न लेने की बात:** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता में 20 साल (गुजरात के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के तौर पर) पूरे होने पर बधाई देते हुए बताया था कि उन्होंने 20 साल से एक भी छुट्टी नहीं ली है और 24 घंटे देश के लिए काम करते रहे हैं। ठाकुर ने ये भी कहा था, इतने सालों में पीएम मोदी पर जितने आरोप लगे हैं, उतने ही वह ताकतवर हुए हैं।

# उपचुनाव: 6 राज्यों की 7 विधानसभा सीटों के लिए आज डाले जाएंगे वोट

**एजेंसी/नई दिल्ली**

6 राज्यों की 7 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए 5 सितंबर को वोट डाले जाएंगे। इसमें पश्चिम बंगाल की धुपगुड़ी विधानसभा सीट, त्रिपुरा की दो धनपुर और बॉक्सनगर सीट, केरल की पुडुपल्ली, झारखंड की डुमरी, उत्तराखंड की बागेश्वर सीट और उत्तर प्रदेश की सबसे चर्चित घोसी सीट पर उपचुनाव होने हैं। सभी सीटों पर मतदान के दो दिन बाद 8 सितंबर को वोटों की गिनती की जाएगी।

त्रिपुरा में सिपाहीजाला जिले की धनपुर और बोक्सानगर सीटों पर उपचुनाव है। यहां मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और बीजेपी के बीच सीधा मुकाबला है। केरल में पुडुपल्ली विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए तीन पार्टियों में जंग होने की उम्मीद है। कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी के निधन के बाद पुडुपल्ली सीट खाली हुई थी। झारखंड की डुमरी विधानसभा सीट पूर्व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन के बाद खाली हुई थी. इस सीट पर इस बार सीधा मुकाबला एनडीए और विपक्ष की नयी बनी अलायंस इंडिया के बीच है। घोसी विधानसभा सीट पर मुकाबला इंडिया गठबंधन और एनडीए अलायंस के बीच हो गया है। यह सीट सपा विधायक दारा सिंह चौहान के इस्तीफे के बाद से खाली

# चंद्रयान सफलतापूर्वक लैंड कर गया, 'राहुलयान' न कभी लॉन्च हुआ, न कभी लैंड हुआ: राजनाथ

**एजेंसी/जैसलमेर**

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने राजस्थान के जैसलमेर में आयोजित चुनावी रैली में राहुल गांधी पर चुटकी लेते हुए कहा कि चंद्रयान सफलतापूर्वक लैंड कर गया, लेकिन 'राहुलयान' न कभी लॉन्च हुआ और न ही कभी लैंड हुआ। रक्षामंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, इन्हीं के गठबंधन के डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन ने चोट पहुंचाई है। कांग्रेस इस पर खामोश है। मैं सीएम गहलोत से पूछना चाहता हूं कि वे इस मामले में कुछ बोलते क्यों नहीं हैं। सोनिया गांधी, राहुल गांधी और खरगे चुप क्यों हैं?



**वसुधैव कुटुंबकम का संदेश देता है सनातन:** राजनाथ सिंह ने कहा, सनातन धर्म को केवल पूजा पद्धति से जोड़कर नहीं देखा जा सकता है। सनातन धर्म वसुधैव कुटुंबकम का संदेश देता है और यह पूरे विश्व को एक परिवार मानता है। इसका न कोई जन्म है और न कोई अंत हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के बारे में डीएमके नेता ने जो बोला है, उनसे पूछा जाना चाहिए कि क्या उनके पास इसका स्पष्टिकरण है। क्या सनातन धर्म जाति-धर्म के नाम पर भेदभाव करता है। सनातन धर्म ये संदेश देता है कि जो पिंड में है, वही ब्रहमांड में है। सनातन धर्म तेरे- मेरे में विश्वास नहीं करता है। बता दें कि तमिलनाडु सरकार में खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने शनिवार चेन्नई में आयोजित एक कार्यक्रम में सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से कर दी थी. साथ ही उन्होंने सनातन धर्म को खत्म करने का आह्वान भी किया था।

# नालंदा में पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह के रिश्तेदार को बदमाशों ने मारी गोली

- आरसीपी ने लगाया आरोप, जिसके द्वारा गोली मारी गई है वह जेडीयू नेता
- जख्मी युवक बोला- गोली मारने वाले शख्स ने आरसीपी सिंह का साथ छोड़ने की धमकी देकर मारी है गोली



**केटी न्यूज/पटना**

नालंदा जिले के सिलाव थाना इलाके के धरहरा गांव में रविवार की रात पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह के रिश्तेदार पिंटू सिंह को बदमाशों ने घर से बुलाकर सीने में गोली मार दी। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और जख्मी युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा। रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह के पैतृक गांव मुस्तफापुर में अस्थावां विधानसभा की बैठक हुई थी। इसमें आरसीपी सिंह के रिश्तेदार पिंटू सिंह ने हिस्सा लिया था। हिस्सा लेने के बाद पिंटू अपने गांव धरहरा लौट आया था। इसके बाद पिंटू को उसके घर के पास में ही गोली मारी गई है।

घटना के संबंध में पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने कड़े तेवर में कहा कि इस गोलीबारी की घटना को राजनीतिक षड्यंत्र के तहत अंजाम दिया गया है। उन्होंने इस घटना के पीछे सीधे-सीधे जेडीयू को जिम्मेदार ठहराया है। बताया गया कि जिसके द्वारा गोली मारी गई है वह जेडीयू नेता है। आरसीपी सिंह ने कहा कि अस्थावां विधानसभा की बैठक में मेरा रिश्तेदार पिंटू सिंह शामिल होने आया था। आरसीपी सिंह ने कहा कि पिंटू सिंह को गोली इसलिए मारी गई है क्योंकि वह हमारे साथ रहकर काम करता है। वहीं जख्मी हुए युवक ने यह भी कहा है कि गोली मारने वाले शख्स ने आरसीपी सिंह का साथ छोड़ने की धमकी देकर गोली मारी है।

**आरसीपी सिंह बोले- नालंदा में मेरी बढ़ती साख को देख घबरा गई है जदयू:** आरसीपी सिंह ने जेडीयू और सीएम नीतीश कुमार पर तीखा प्रहार किया। कहा कि नालंदा में मेरी बढ़ती साख को देखकर जेडीयू पूरी तरह से घबरा चुकी है। यही कारण है कि हमारे रिश्तेदार को गोली मारी गई है। आरसीपी सिंह ने कहा के नीतीश कुमार की हिम्मत राजनीतिक रूप से लड़ने की नहीं रही है, इसलिए जेडीयू के द्वारा हमारे रिश्तेदारों को निशाना बनाया जा रहा है। जेडीयू नेता ने आरसीपी सिंह को बर्बाद करने की भी बात कही है और अगला टारगेट उन्हीं को बताया है। जख्मी पिंटू सिंह ने सलन महतो पर गोली मारने का आरोप लगाया है। वर्तमान में सलन महतो की पत्नी नविता सिन्हा जिला परिषद सदस्य हैं।

## कांग्रेस ने की चुनाव समिति की घोषणा, 16 नेताओं को दी जगह

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अगले लोकसभा चुनाव और उससे पहले कई राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में सोमवार को कांग्रेस ने अपनी चुनाव समिति की घोषणा की है। जिसमें 16 नेताओं के नाम शामिल हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के अलावा इस समिति में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, अम्बिका सोनी, अधीर रंजन चौधरी, सलमान खुर्शीद, मधुसूदन मिस्त्री, एन. उत्तम कुमार रेड्डी, टी एस सिंह देव, के जे जियोग्रे, प्रीतम सिंह, मोहम्मद जावेद, अमी याज्ञनिक, पीएल पुनिया, ओंकार मरकाम और के सी वेणुगोपाल शामिल हैं।

**इंडिया गठबंधन ने लिया है साथ चुनाव लड़ने का संकल्प:** कांग्रेस विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा है। मुंबई में 31 अगस्त से 1 सितंबर तक हुई इंडिया गठबंधन की बैठक में सभी दलों ने एकसाथ मिलकर चुनाव लड़ने का संकल्प लिया था। कांग्रेस ने केंद्र की ओर से बुलाए गए संसद के विशेष सत्र को लेकर रणनीति बनाने के लिए भी बैठक बुलाई है। कांग्रेस के महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने दिन में बताया था कि 18-22 सितंबर तक संसद के विशेष सत्र से पहले पार्टी मंगलवार शाम 5 बजे नई दिल्ली में 10 जनपथ पर संसदीय रणनीति समूह की बैठक करेगी। इसके बाद रात 8 बजे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे अपने आवास पर समान विचारधारा वाले विपक्षी दलों की बैठक भी करेंगे। केसी वेणुगोपाल ने बताया कि नेता आगामी सत्र की रणनीति पर चर्चा करेंगे। मल्लिकार्जुन खरगे 16 सितंबर को तेलंगाना के हैदराबाद में नवगठित कार्यसमिति की पहली बैठक बुलाएंगे।

### बिहार सरकार के एससी एवं एसटी कल्याण विभाग ने भर्ती के लिए जारी की अधिसूचना

# विकास मित्र के पदों के लिए आवेदन करें युवा

**केटी न्यूज/पटना**

एससी एवं एसटी कल्याण विभाग (बिहार सरकार) की ओर से बिहार की पंचायतों में रिक्त विकास मित्र पदों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की गई है। विभाग ने 4 सितंबर से आवेदन के लिए विज्ञापन निकाला है. इच्छुक उम्मीदवार बिहार विकास मित्र भर्ती से संबंधित शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा दक्षता एवं पात्रता मापदंड के आधार पर आज से आवेदन कर सकते हैं।

**कौन-कौन कर सकता है आवेदन:** अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के युवा जो 18 से 35 वर्ष के बीच के हैं वह विकास मित्र के लिए आवेदन कर सकते हैं। मैट्रिक पास होना चाहिए। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग ने विकास मित्र का वेतनमान 15,481 निर्धारित किया है। स्टेशनरी भत्ता 900 रुपये, परिवहन भत्ता 900 और संचार (मोबाइल)




भत्ता 250 रुपये दिए जाएंगे। www.bmvm.bihar.gov.in पर अधिक जानकारी देख सकते हैं।

**27 दिनों में पूरी करनी है भर्ती प्रक्रिया:** विभाग ने विकास मित्र बहाली प्रक्रिया को 27 दिन में पूरा कर लेने का लक्ष्य रखा है। विकास मित्र के आवेदन प्रखंड कार्यालय या नगर निकाय कार्यालय से मिलेंगे। उम्मीदवार अपने आवेदन को संबंधित प्रखंड कार्यालय में जमा करेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि विज्ञापन तिथि के दसवें दिन तक है। विभाग मेधा सूची को तैयार करके 12वें दिन प्रकाशित कर देगा। मेधा सूची पर आपत्ति प्राप्त करना व उनका निराकरण करना 13वें दिन से 20वें दिन के बीच करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। चयन सूची का प्रकाशन 23वें दिन कर दिया जाएगा।

विकास मित्र अपने आवेदन को प्रखंड विकास पदाधिकारी के पास देंगे जहां से प्रखंड विकास पदाधिकारी एसडीओ के यहां भेजेंगे। एसडीओ इसकी पूरी जांच पड़ताल करके रिपोर्ट बनाकर विभाग को भेजेंगे। इसके तहत विकास मित्र की बहाली बहाली पूरी होगी। अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 18003456345 पर संपर्क कर सकते हैं।

**पात्रता व जरूरी दस्तावेज :** मैट्रिक पास शैक्षणिक दस्तावेज, आवासीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र।



## जनता दरबार में सबसे अधिक जमीन से जुड़ी शिकायत

# सीएम से फरियाद... मेरी जमीन हड़प रहे हैं दबंग

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को जनता के दरबार में कार्यक्रम में फरियादियों की समस्याएं सुनीं। राज्य के विभिन्न जिलों से आए 51 लोगों की समस्याओं को सीएम ने सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश दिया। जनता दरबार में अरवल जिले से आये एक युवक ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि हम धानुक जाति से हैं। वर्ष 2019 से धानुक जाति का जाति प्रमाण पत्र नहीं बनाया जा रहा है, जिससे कोई भी फॉर्म भरने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत सुनकर मुख्यमंत्री भौंचक रह गए। कहा कि धानुक जाति का जाति प्रमाण पत्र क्यों नहीं बन रहा। इसके बाद सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव को फोन लगाया और कहा कि जाति प्रमाण पत्र क्यों नहीं बन रहा। तुरंत देखिए। इसके बाद नीतीश कुमार ने अपने प्रधान सचिव दीपक कुमार को बुलाया और कहा कि क्या हो रहा है। धानुक जाति का प्रमाण पत्र बनाने में क्या दिक्कत है। हम तो आपको सब देखने के लिए कहे ही हुए हैं।

सहरसा से आई एक महिला फरियादी की शिकायत सुनकर सीएम नीतीश ने गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव को तलब किया। डॉ. एस सिद्धार्थ मुख्यमंत्री के पास पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देखिए इस बच्ची के पति ने इसको घर से निकाल दिया है। इसको एक बच्ची भी है। कितनी कम उम्र है इसकी। दिखवाइए इस मामले को मदद करवाइए। मुख्यमंत्री के आदेश पर गृह विभाग के एसीएस ने कहा कि इस मामले को तुरंत दिखवाते हैं।

सुपौल जिले से आयी एक महिला फरियादी ने मुख्यमंत्री से फरियाद करते हुए कहा कि उनके शिक्षक पति द्वारा पत्नी और बच्चे को छोड़ दिया गया है, जिससे मैं दर-दर की ठोकर खा रही हूं। गोपालगंज जिले से आए एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि मेरे निजी मकान में रह रहे किराएदार द्वारा अनुचित हक जताया गया है, इसके लिए थाने में मामला दर्ज कराए जाने के बाद भी प्रशासन की तरफ से कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।



### सीएम नीतीश कुमार ने कार्रवाई का दिया निर्देश

सहरसा जिले से आयी एक बुजुर्ग महिला ने कहा कि मैं बूढ़ी हूं मेरे पति विकलांग हैं, मेरे ससुर की हत्या कर दी गई और दबंगों द्वारा मेरी जमीन को हड़पने को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा है। मामले की शिकायत किए जाने के बाद भी किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

मधेपुरा जिले से आए एक युवक ने कहा कि मेरी मां के नाम से डेढ़ कट्ठा जमीन है जब मैं अपने जमीन पर निर्माण कार्य कराने गया तो कुछ असमाजिक लोगों ने रोक लगा दिया। विभाग के द्वारा सारे कागजातों को सही पाए जाने के बाद भी किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। मुख्यमंत्री ने उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बक्सर जिले से आए एक युवक ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरा अपहरण कर मेरी जमीन की रजिस्ट्री जबरन करा ली गयी, जिसकी शिकायत करने पर किसी प्रकार की अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुयी है। वहीं बक्सर जिले से ही आए रिटायर्ड रेलवे अधिकारी ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि असमाजिक तत्वों द्वारा मेरे मकान को तोड़कर कब्जा कर लिया गया है और लाखों की संपत्ति लूट ली गई है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

भागलपुर जिले से आए एक युवक ने कहा कि दबंगों द्वारा मेरी निजी जमीन को जबरन उनके नाम रजिस्ट्री कराने का दबाव बनाया जा रहा है और नहीं करने पर धमका रहे हैं। भागलपुर जिले से ही आये एक अन्य बुजुर्ग ने कहा कि मेरी निजी जमीन पर पड़ोसियों द्वारा जबरन मकान बनाया गया है। इसकी शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही।

# सीएम सर ध्यान दें... एनजीओ का खाना खाने से कतरा रहे बच्चे

- एनजीओ द्वारा परोसे जा रहे भोजन के स्वाद और गुणवत्ता पर उठे सवाल
- कुल उपस्थिति का 25 पर्सेंट बच्चे ही खा रहे खाना

**केटी न्यूज/केसठ**

शिक्षा विभाग के निर्देश पर केसठ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में उज्ज्वल सवेरा समिति द्वारा बच्चों के बीच मध्याह्न भोजन परोसा जा रहा है। पहले बच्चों के लिए विद्यालय में ही रसोइयों द्वारा मध्याह्न भोजन पकाया जाता था। लेकिन अब एनजीओ के द्वारा ये कार्य किया जा रहा है। हालांकि एनजीओ द्वारा दिए जा रहे भोजन के स्वाद और गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। बच्चों से मिली जानकारी अनुसार एनजीओ के द्वारा जो भोजन आ रहा है वो स्वादहीन है।



प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से मिली जानकारी के अनुसार उपस्थित बच्चों में से केवल 25 प्रतिशत ही बच्चे भोजन कर रहे हैं। अन्य बच्चे ये भोजन करने में कतरा रहे हैं। इस संबंध में कन्या प्राथमिक विद्यालय बस स्टैंड के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार, मध्य विद्यालय केसठ के प्रधानाध्यापक मुकेश यादव, जमुवा टोला के प्रधानाध्यापक अजय कुमार विक्रांत अनुसूचित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक लाल बाबू प्रसाद आदि ने बताया कि एनजीओ द्वारा दिए जा रहे भोजन में कई प्रकार की कमियां हैं। पहले बच्चे ताजा और गर्म भोजन करते थे लेकिन अब वो ठंडा भोजन करने को मजबूर हैं। इससे बच्चों के मानसिक, स्वास्थ्य सहित शारीरिक विकास पर भी असर पड़ेगा।

वहीं शुक्रवार को मध्य विद्यालय केसठ में दर्जनों बच्चे खाना खाने के बाद उल्टी करने लगे। कन्या प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया कि कई बच्चों ने एनजीओ के भोजन खाने से मना कर दिया है। उन्होंने कहा कि उपस्थिति के आधे से भी कम बच्चे भोजन कर रहे हैं। वहीं एनजीओ के फील्ड निरीक्षक कमल शर्मा ने बताया कि विद्यालयों से शिकायतें मिल रही हैं। भोजन सुधार में लगभग एक सप्ताह समय लगेगा। जमुवा टोला के प्रधानाध्यापक ने बताया कि सोमवार को एनजीओ द्वारा उनके विद्यालय में बच्चों की संख्या से भी कम भोजन दिया गया। वहीं कुछ अभिभावकों ने कहा कि एनजीओ का भोजन संदेह जनक है कैसे बनाया जा रहा है ये किसी को पता नहीं है। जबकि स्कूलों में माता समिति द्वारा शिक्षकों के सामने भोजन पकाया जाता था।



बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद अपनी पत्नी राबड़ी देवी के साथ सोमवार को सोनपुर के हरिहरनाथ मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंचे। इसी बीच दोनों ने हरिहरनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की। जैसे ही लोगों को लालू और राबड़ी के मंदिर में होने की जानकारी मिली वैसे ही भारी संख्या में लोग मंदिर के समीप इकट्ठा हो गए। पूजा अर्चना करने के बाद लालू प्रसाद और राबड़ी देवी पटना लौट गये। लालू राबड़ी ने हरिहरनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक किया। बता दें कि हरिहरनाथ मंदिर पहुंचने का किसी को भी लालू प्रसाद यादव के आने की जानकारी नहीं थी।

## बेतिया में भाजपा कार्यकर्ता की चाकू मारकर हत्या

**बेतिया।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोड़वा टोला में सोमवार की सुबह दो युवकों पर अज्ञात बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोड़वा टोला निवासी बृजकिशोर साह के 32 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार के रूप में की गई है। घायल सुजीत कुमार भी गोड़वा टोला का रहने वाला है।

बताया जा रहा है कि मृतक सोनू कुमार बीजेपी कार्यकर्ता है। पूर्व में वार्ड सदस्य रह चुका है। सोनू और सुजीत सुबह टहलने के लिए निकले थे। अचानक उन पर चाकू से हमला हो गया। सुजीत को गर्दन पर दो बार चाकू लगा। किसी तरह भागकर उसने अपनी जान बचाई। घटना के पीछे आपसी रंजिश बताई जा रहा है। जांच के बाद मामला स्पष्ट होगा। पुलिस ने सोनू के शव को पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेजा है. घायल सुजीत के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## मुजफ्फरपुर में दुकान में घुस किराना व्यवसायी की हत्या

**केटी न्यूज/मुजफ्फरपुर**

मुजफ्फरपुर में किराना सामान के कारोबारी की हत्या कर दी गई। सोमवार को वह अपनी दुकान के अंदर सो रहे थे, इसी दौरान बाइक सवार अपराधी आए और उन्हें गोली मार दी। गोलीबारी के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। लोग हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। परिजन लूटपाट के बाद हत्या की आशंका जता रहे हैं। यह मामला रामपुर हरी थाना क्षेत्र के मझौलिया गांव की है। लोगों का कहना है कि किराना व्यवसाई जियालाल भगत अपने पशु आहार नाम की दुकान के अंदर सो रहे थे। अपराधी दुकान के पीछे से गेट काटकर अंदर प्रवेश कर गए। फिर, सोए अवस्था में गोली मार दी। गोली कान के आरपार कर गई। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इधर, सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। दुकान को बारीकी से खंगाला। शव को जैसे ही उठाया गया। लोगो ने हंगामा शुरू कर दिया।

### डॉग स्क्वायड की टीम ने की जांच

स्थानीय लोग डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाने की मांग करने लगे। इसके बाद पुलिस द्वारा डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाया गया है। थानेदार मो. कलामुद्दीन ने बताया कि मामले की पूरी जांच की गई है। गोली मारकर हत्या के सुराग नहीं मिले हैं। गोली च घटनास्थल की जांच की गई है। गोली चलने का मामला नहीं लग रहा है। शव पर किसी भी तरह की गोली के निशान नहीं मिले है। जियालाल भगत के नाक और कान से खून निकल रहा था। गले पर भी जख्म के निशान नहीं मिले हैं।

**लूटपाट के बाद गोली मारकर हत्या की आशंका:** परिजनों का कहना है कि जियालाल पिछले कई सालों से दुकान चलाते हैं। उसी से परिवार का भरण पोषण करते थे। उन्हे दुकान के लिए सामान खरीदना था। सामान खरीदने के लिए वह 1.5 लाख रुपए जमा किए थे। आशंका है कि लूटपाट का विरोध करने पर जियालाल की हत्या कर दी गई।


GYAN JYOTI PUBLIC SCHOOL

Affiliated to CBSE NEW Delhi (10+2)

Rupsager, Main Road, Nawangar Buxar (Bihar)

Cantact No - 6200727438, 7004289776, 7654245005 | Email - gips2011@ Yahoo.in, gyanjyotipublicschool.in




विद्यालय में छात्रों के लिए अत्याधुनिक सुविधा

- असम, बंगाल व दार्जिलिंग के कुशल एवं प्रशिक्षित शिक्षक
- स्मार्ट क्लासेज आडियो एवं वीडियो से कक्षाओं का संचालन
- अत्याधुनिक विज्ञान व कंप्यूटर की प्रयोगशालाएं
- सुव्यवस्थित पुस्तकालय
- खेलकूद, योग, नैतिक शिक्षा व शारीरिक शिक्षा का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण
- बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक क्लास सीसीटीवी कैमरे से लैस
- बच्चों के लिए हैप्पीनेस क्लासेज
- कराटे व स्काउट एंडगाइड का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण



# वैदिक मंत्रोच्चार व जयकारे के साथ बाबा जंगलीनाथ का वार्षिकोत्सव संपन्न

केटी न्यूज/बक्सर

सोमवार को नगर के पूर्वी छोर पर स्थित बाबा जंगलीनाथ मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाया गया। वार्षिकोत्सव पर वैदिक विधान से बाबा जंगलीनाथ क पूजा अर्चना की गई। वहीं श्रद्धालुओं द्वारा लगाया जा रहा जयघोष तथा महिलाओं की मांगलिक गीतों से माहौल भक्तिमय बन गया था। सुबह से ही वैदिक ब्राह्मणों की टोलियों ने बाबा जंगलीनाथ महादेव के वार्षिकोत्सव पूजा की तैयारी शुरू की। सुबह के दस बजे तक बाबा का विशेष पूजा व आरती चलते रहा। इस दौरान मंदिर में दर्शन व पूजन करने वाले श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। बड़ी संख्या में श्रद्धालु




वार्षिकोत्सव पर जुटे थे। वे रह रहकर बाबा जंगलीनाथ के जयकारे लगा रहे थे। जिससे माहौल भक्तिमय बना हुआ था। मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। मंदिर पूजा समिति के सदस्य एक सप्ताह पहले से तैयारी कर रहे थे। वार्षिक पूजा के दौरान स्थानीय शहर के अलावे दूर दराज के श्रद्धालु भी पहुंचे थे। उनका उत्साह भी देखते ही बन रहा था। बता दें कि प्रत्येक साल भाद्रपद कृष्णपक्ष के पहले सोमवारी को बाबा जंगलीनाथ का वार्षिकोत्सव मनाया जाता है। इस बार भी यह परंपरा पूरे विधान से मनाई गई।

**आयोजित हुआ था मेला, देर रात तक रही चहल पहल :** मंदिर के चारों तरफ मेले का आयोजन भी किया गया था। मेले में चरखी, झूला सहित बच्चों के मनोरंजन के लिए कई अन्य खेल के साधन थे। वही खाद्य सामग्री, खिलौने, फल, मिठाई, कास्मेटिक सहित सैकड़ो दुकाने सजी थी। बच्चों को जहां चरखी व झूला भा रहा था वही बच्चिां श्रृंगार प्रसाधनों की दुकानों पर भीड़ लगाए थी। मेले में क्या बच्चें क्या बुजुर्ग सभी उत्साह में नजर आ रहे थे।




**रात की आंधी बारिश में बाधित हुआ था मार्ग :** बता दें कि रविवार की रात अनुमंडल क्षेत्र में तेज आंधी व बारिश हुई थी। इस आंधी पानी में जंगलीनाथ शिव मंदिर को शहर से जोड़ने वाले दोनों रास्तों पर जगह जगह पेड़ उखड़ कर गिर गए थे। वही कई जगहों पर जलजमाव भी हो गया था। जिस कारण सुबह में श्रद्धालुओं को मंदिर आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा था। हालांकि जल्दी ही मंदिर पूजा समिति के प्रो सुभाष चंद्रशेखर, राज सिंह, सीठूजी समेत अन्य सदस्यों ने मजदूरों के सहयोग से रास्तों पर गिरे पेड़ो की डालियों को काटकर हटवाया तथा कीचड़ व जलजमाव वाले जगहों पर मिट्टी डाल आवागमन लायक बनाया गया। प्रो सुभाष चंद्रशेखर ने बताया कि आंधी पानी में आधा दर्जन से अधिक जगहों पर पेड़ गिर गया था। जिसे दो से ढाई घंटे में साफ किया गया।

## एक नजर

### अनियमित बिजली आपूर्ति के खिलाफ व्यवसायियों व ग्रामीणों ने निकाला आक्रोश मार्च




**नावानगर।** रामपुर फीडर से अनियमित बिजली आपूर्ति को लेकर सोमवार को सोनवर्षा के ग्रामीणों एवं व्यवसायियों का गुस्सा फूट उठा। जिसको लेकर बिजली कंपनी के विरुद्ध लोग आक्रोशित हो उठे। साथ ही बिजली आपूर्ति की व्यवस्था चरमराता देख सैकड़ों की संख्या में व्यवसायी एवं ग्रामीणों ने एकजुट होकर कंपनी के विरुद्ध आक्रोश मार्च निकाला। ग्रामीण हाथों में तख्तियां लेकर कंपनी के लचर व्यवस्था के विरोध में नारे लगा रहे थे। सभी की एक ही मांग थी, जब हम समय पर बिल का भुगतान करते हैं, तो है हमे नियमित बिजली दे। आक्रोशित लोग सरकार के वादे के अनुसार 18 घंटे बिजली की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों ने कहा कि अनियमित बिजली आपूर्ति के खिलाफ उनकी विरोध प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा जब तक नियमित बिजली आपूर्ति नहीं हो जाती। बता दें कि रामपुर पावर सब स्टेशन से केसठ प्रखंड के तीन पंचायतों सहित नावानगर प्रखंड के सोनवर्षा गांव, बाजार, वैना, गिरधर बरांव पंचायत में बिजली की आपूर्ति होती है। विगत एक सप्ताह से इन सभी पंचायतों सहित सोनवर्षा बाजार में बिजली की आपूर्ति चरमरा गई है। सोनवर्षा के मंटू पटेल, मृत्युंजय ओझा, कलामुद्दीन उर्फ बकत ने बताया कि जब से सोनवर्षा बाजार को रामपुर पावर सब स्टेशन से जोड़ा गया है, तभी से बिजली आपूर्ति अनियमित हो गया है। जिला पार्षद राजू यादव ने बताया कि विगत एक सप्ताह से तो बिजली अभाव में लोगों की जिंदगी नर्क बनकर रह गई है। सबसे ज्यादा परेशानी पेयजल को लेकर है। बिजली की कमी के कारण उमस भरी गर्मी में लोग काफी परेशान हैं। आक्रोश मार्च निकाल रहे लोगों का कहना था कि यदि कंपनी के अधिकारी शीघ्र आपूर्ति दुरूस्त नहीं करते है तथा क्षेत्र में 18 घंटे बिजली आपूर्ति नहीं होती है तो जल्दी ही उग्र आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों ने चक्का जाम करने की चेतावनी भी दी है।

### शिक्षकों ने दिया बीएलओ पद से इस्तीफा

**केसठ।** बीएलओ कार्य से मुक्त करने को लेकर प्रखंड के 19 शिक्षकों ने बीएलओ के पद से सोमवार को सामूहिक रूप से त्यागपत्र दे दिया है। शिक्षकों ने बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा को सामूहिक आवेदन देकर विरोध जताया है। शिक्षकों ने बताया है कि निदेशक प्रशासन सह अवर सचिव शिक्षा विभाग बिहार सरकार ने पत्र जारी कर शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य नहीं करने की बात कही है। शिक्षकों ने बताया है कि छात्रहित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षकों को बीएलओ कार्य से मुक्त किया जाए। विभाग की ओर से शिक्षकों को विद्यालय में 75 फीसद छात्रों की उपस्थिति के लिए लगया गया है। बीएलओ पद से त्यागपत्र देने वालों में लालबाबू प्रसाद, सुनील कुमार, मुन्ना कुमार, अलाउद्दीन अंसारी सहित 19 शिक्षकों ने बीएलओ पद से इस्तीफा दिया है। बता दें कि इसके पहले इटाढ़ी के शिक्षकों ने भी बीएलओ पद से सामूहिक इस्तीफा दिया था।



## खबरें फटाफट

### तीन आरोपी धराये भेजा गया जेल

**नावानगर।** नावानगर व सिकरौल पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर तीन कांडों के तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जेल भेजे गए अभियुक्तों में नावानगर थाना क्षेत्र के बुढैला निवासी जितेंद्र पांडेय, स्थानीय गांव के मारपीट अभियुक्त सुरेंद्र यादव तथा सिकरौल थाना क्षेत्र के रेंका गांव से वारंटी धीरज मिश्र शामिल हैं। नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय से मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ैला गांव में दहेज प्रताड़ना के मुख्य आरोपी जितेंद्र पांडेय विगत चार वर्षों से फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त आरोपी के विरुद्ध वर्ष 2019 में अपनी ही पत्नी को प्रताड़ित करने तथा उसका अपहरण कर गायब कर देने की प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। तभी से यह फरार चल रहा था। वहीं स्थानीय गांव में छापेमारी कर मारपीट के आरोपी सुरेंद्र यादव को गिरफ्तार किया गया। दोनों गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। वहीं रेंका पांडेयपुर गांव में सिकरौल पुलिस ने छापेमारी कर वारंटी धीरज मिश्र को धर दबोचा।

### बैठक में दुर्गा पूजा मनाने का लिया निर्णय

**केसठ।** सोमवार को नया बाजार स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में नव युवक दुर्गा पूजा समिति की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता पंचायत उपमुखिया अमितेश कुमार गुप्ता ने व संचालन कमिटी के अध्यक्ष विजय कुमार यादव ने किया। बैठक में ग्रामीणों सहित कमिटी के सदस्यो ने भाग लिया। बैठक के दौरान पूजा, पंडाल, मूर्ति निर्माण आदि कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। मेले में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन की काफी मात्रा में तैनाती करने की योजना बनी ताकि पूरे मेले में शांति व्यवस्था कायम रह सके। कार्यकारिणी सदस्यों में संरक्षक के रूप में मुकेश कुमार यादव, अध्यक्ष विजय यादव, उपाध्यक्ष किस्मत यादव, अजय कुमार, नकुल कुमार सचिव अशोक कुमार सिंह, उपसचिव रवि कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष कन्हैया कुमार व्वस्थापक रवि सिंह संयोजक वशिष्ठ साह को नामित किया गया।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत डुमरांव पहुंचे केन्द्रीय मंत्री सह सांसद

# डुमरांव की उर्वरक मिट्टी के बिना अधूरी रह जाएगी अमृत वाटिका : अश्विनी चौबे

केटी न्यूज/डुमरांव

डुमरांव की मिट्टी काफी उर्वरक है। इस मिट्टी ने देश पर मर मिटने वाले असंख्य बलिदानियों को जना है तो भारत रत्न विस्मिल्ला खां को भी हमे दिया है। इस मिट्टी के बिना अमृत वाटिका निर्माण संभव नहीं है। उक्त बातें सोमवार को केन्द्रीय मंत्री सह बक्सर सांसद अश्विनी कुमार चौबे ने डुमरांव में कहीं। वे मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत डुमरांव आए थे।

यहां उन्होंने शहीद पार्क स्थित अमर शहीदों की मूर्तियों को माल्यापर्ण व नमन करने के साथ ही वीर शहीदों तथा शहनाई नवाज उस्ताद विस्मिल्लाह खां के परिजनों से मुलाकात किए तथा उनके घरों से कुछ मिट्टी भी इकट्ठा किए। इसी मिट्टी से अमृत वाटिका का निर्माण कराया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि

■ मंत्री ने अमर शहीदों व उस्ताद विस्मिल्लाह खां के घर से ली मिट्टी

प्राचीन काल से ही डुमरांव की धरती कला-कौशल, साहित्य, संगीत, खेल, विद्वता, अध्यात्म, ज्योतिष आदि के साथ ही वीरों से परिपूर्ण रही है। देश को आजाद कराने में यहां के वीरों का त्याग व बलिदान स्वर्णाक्षरों में अंकित है तो आजादी के जश्न को अपने शहनाई की मधुर आवाज से यादगार बनाने वाले उस्ताद विस्मिल्लाह खां भी इसी धरती पर पैदा हुए थे। उन्होंने कहा कि वे यहां इस धरती को नमन करने आते है।

**शहीद पार्क में सभा का आयोजन :** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत शहीद स्मारक पार्क में केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने शहीदों के मूर्ति पर माल्यार्पण के बाद एक सभा का आयोजन भी किया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह ने किया। इस दौरान शहीदों के परिजनों को केन्द्रीय मंत्री ने अंग वस्त्र एवं माला से सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि देश के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले करोड़ों वीरों व वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए शुरू हुआ 'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान जन-जन का अभियान बन चुका है। देश की मिट्टी, उनकी वीरता की अटूट विरासत को समेट कर भविष्य के लिए प्रेरणादायी नींव रखने का कार्य करती है। देशभर के गांवों से एकत्रित की गयी मिट्टी से राष्ट्र गौरव व एकता के प्रतीक के रूप में अमृत वाटिका के निर्माण के लिए आज डुमरांव में अमृत कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया है। इस दौरान लोकसभा प्रभारी अनिल स्वामी, नगर अध्यक्ष चुनमुन वर्मा, शीला त्रिवेदी, प्रतिभा सिंह, सतेन्द्र कुंवर, इंद्रजीत बहादुर सिंह उर्फ चुन्नू सिंह, श्रीमन नारायण पाठक, डुमरांव ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार उर्फ बबलू पाठक, युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष धनंजय पांडेय आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा युवा मोर्चा के नेता सोनू राय ने व धन्यवाद ज्ञापन युवा भाजपा नेता दीपक यादव ने किया। मौके पर अनिल कुमार पांडेय, श्याम नारायण राय, हरेराम गुप्ता, उदय उज्जैन, राजू केशरी, संजय चंद्रवंशी, गोल्डेन पांडेय, अभिनंदन मिश्र, पवन जायसवाल, बिकेश पांडेय, लक्ष्मण माली सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।



# स्कूल नहीं जाने वाले छात्रों का नामांकन होगा रद्द, विभाग ने जारी किया निर्देश

केटी न्यूज/केसठ

अब प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के नाम सरकारी स्कूलों से कटेंगे। ऐसे छात्र-छात्राओं की ट्रैकिंग होगी। योजनाओं का लाभ लेने के लिए राज्य के सरकारी स्कूलों में नाम लिखाकर प्रदेश एवं दूसरे राज्यों के प्राइवेट संस्थानों में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं के नाम भी कटेंगे। वहीं, स्कूल में लगातार 15 दिन अनुपस्थित रहने वाले छात्र छात्राओं का नामांकन रद्द किया जाएगा। इसके लिए डीईओ एवं डीपीओ पांच-पांच स्कूल एडॉप्ट करेंगे जिसके तहत लगातार तीन दिन अनुपस्थित मिलने वाले छात्रों को स्कूल नहीं आने के कारण बताते हुए आवेदन देना होगा।

इस दौरान शिक्षक उक्त छात्र के अभिभावक से भी संपर्क करेंगे। वही प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का नाम भी सरकारी स्कूलों से कटेगा। इससे संबंधित निर्देश शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने सभी जिलाधिकारियों को दिया है। दरअसल, एक जुलाई से राज्य में सरकारी स्कूलों के लिए मॉनीटरिंग की व्यवस्था लागू है। इसके तहत राज्य भर में सरकारी स्कूलों का निरीक्षण चल रहा है। जुलाई से अब तक 50 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले स्कूलों की संख्या घट रही है। फिर भी लगभग 10 प्रतिशत स्कूल ऐसे है, जहां छात्र उपस्थिति 50 प्रतिशत से कम है।

◆ लगातार 15 दिनों तक गायब रहने वाले छात्रों का काटा जाएगा नाम



**डीईओ एवं डीपीओ पांच-पांच स्कूल एडॉप्ट करेंगे :** अपर मुख्य सचिव के निर्देश के अनुसार हर जिले के डीईओ एवं डीपीओ पांच-पांच स्कूल एडॉप्ट करेंगे। आरडीडीई भी जिला मुख्यालय के कम से कम पांच स्कूल एडॉप्ट करेंगे। जिस डीपीओ के कार्यक्षेत्र में 50 फीसदी से कम छात्र उपस्थिति वाले स्कूल नहीं हैं, तो उन्हें कार्यक्षेत्र के बाहर के स्कूल दिए जाएंगे। एडॉप्ट स्कूलों में अधिकारी हर दिन जाएंगे। छात्र और अभिभावक से बात करेंगे।

**लगातार तीन दिन अनुपस्थित मिलने वाले छात्रों को अभिभावक को नोटिस :** लगातार तीन दिन अनुपस्थित मिलने वाले छात्रों के अभिभावकों को प्रधानाध्यापक नोटिस देंगे। 15 दिन लगातार अनुपस्थित रहने पर छात्र का नामांकन रद्द किया जाएगा। वहीं, छात्रों की ट्रैकिंग होगी। यह देखा जाएगा कि वे कहीं एक साथ दो स्कूलों में तो नहीं पढ़ रहे है। निर्देश का पत्र जारी होने के बाद से विभाग के अधिकारी इस कार्य में लग गए है।

# लंबे अर्से बाद हुई राहत की बारिश, फसलों को मिली जान

केटी न्यूज/बक्सर

रविवार की रात लंबे अर्से बाद जिले में रविवार की देरात राहत की बारिश हुई। तेज हवा के साथ हुई झमाझम बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से राहत देने के साथ ही किसानों की खुशी बढ़ा दी। हालांकि डेढ़ से दो घंटे के बाद बारिश थम गई तथा सोमवार को पूरे दिन तेज धूप भी निकली। लेकिन पिछले एक महीने से अधिक समय से पड़ रही भीषण गर्मी से राहत जरूर मिल गई। बारिश के दौरान ठंडी हवा चलने से मौसम खुशगवार हो गया था। गर्मी से राहत मिलने से लोग भी खुश नजर आ रहे थे। जानकारों की मानें तो रविवार की रात इस सीजन की सबसे तेज बारिश हुई है। इस बारिश के बाद किसानों की चिंता भी कम हो गई है। बारिश को खरीफ खेती के लिए वरदान बताया जा रहा है। लोगों का कहना है कि इस बारिश से फसलों को नई जान मिली है। हालांकि बारिश इतनी अधिक नहीं हुई है जितनी धान के पौधों को जरूरत हैं। लेकिन बारिश ने पौधों के लिए संजीवनी का काम किया है। सूख रहे धान के पौधे इस बारिश के बाद हरे भरे हो गए है। वही सब्जी फसलों के लिए बारिश को फायदेमंद बताया जा रहा है।



● बारिश के बाद गर्मी से मिली राहत, आंधी के कारण विद्युत आपूर्ति ठप

**पूरे अगस्त नहीं हुई थी बारिश :** बता दें कि बक्सर जिले में अगस्त महीने में बारिश ही नहीं हुई थी। जबकि यह महीना खरीफ खेती के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण होता है। इसी महीने में धान की रोपनी पूरी होती है तथा पौधों की वृद्धि भी तेज होती है। जिससे इस महीने बारिश की सख्त जरूरत होती है। लेकिन इस बार अगस्त में बारिश नहीं होने से एक तरफ धान की रोपनी बाधित हुई है तो दूसरी तरफ पौधे सूख रहे थे। बारिश नहीं होने तथा उम भरी गर्मी से किसानों के लिए फसलों को बचाना मुश्किल हो रहा था। बारिश ने किसानों की चिंता दूर कर दी है।

**बाधित रही बिजली आपूर्ति :** बारिश के दौरान आंधी की तरह हवा चल रही थी। जिससे जिले के कई क्षेत्रों में बड़े पैमाने में पेड़ उखड़े है तथा उनकी डालिया भी टूट कर बिजली के तारों तथा पोल पर गिर गए थे। जिससे रविवार की रात से सोमवार को पूरे दिन बिजली आपूर्ति बाधित रही। ग्रामीण क्षेत्रों में कई ऐसे गांव भी है जहां रविवार की रात से सोमवार की शाम तक बिजली के दर्शन ही नहीं हुए। वही बक्सर पावर स्टेशन का एक पॉवर ट्रांसफार्मर भी खराब हो गया था। जिस कारण शहरी क्षेत्र में भी लोगों को किश्तों में बिजली मिल रही थी। वही डुमरांव इलाके में भी बिजली आपूर्ति पूरे दिन ध्वस्त रही। जिस कारण लोगों को पूरे दिन उमशभरी गर्मी से परेशान होने के साथ ही पेयजल के लिए भटकना पड़ा।



# सफलता : बाइक लूट कर शराब तस्करी करने वाला अपराधी गिरफ्तार

❑ अपराधी की निशानदेही पर गैंग के दो बदमाशों के घर से लूटी गयी दो बाइक बरामद

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर पुलिस ने शराब की तस्करी के लिए बाइक लूटने वाले एक गिरोह का खुलासा किया। जिसमें इस गिरोह का एक अपराधी गिरफ्तार किया गया। जिसकी निशानदेही पर लूटी गई दो बाइक भी बरामद की गयी है। दोनों बाइक गिरोह के दो अपराधियों के घरों से बरामद की गयी है। गिरफ्तार बदमाश ओपी क्षेत्र के फरहदा गांव निवासी राजेश तुरहा उर्फ लकड़ तुरहा है। गिरोह सिन्हा ओपी क्षेत्र के गजियापुर बांध के पास हथियार का भय दिखाकर बाइक लूट की घटनाओं को अंजाम देता था। गैंग के तीन अन्य अपराधियों की पहचान कर ली गयी है। उनकी गिरफ्तारी और हथियार की बरामदगी को छापेमारी की जा रही है। चिन्हित अपराधियों में बड़हरा थाना क्षेत्र के नथमलपुर गांव निवासी बबली सिंह, डब्लू सिंह और सिन्हा ओपी क्षेत्र के ज्ञानपुर निवासी सत्येंद्र सिंह शामिल हैं।



एसपी प्रमोद कुमार यादव ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि पिछले कुछ दिनों से सिन्हा ओपी क्षेत्र के गजियापुर बांध के पास बाइक लूट की घटनाएं लगातार हो रही थी। उस क्रम में पिछले 31 अगस्त को भी एक बाइक की लूट की गयी थी। उसे देखते हुए अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर सदर एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। उसके बाद से ही पुलिस टीम अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी में जुटी थी। जिसमें चार बदमाशों की पहचान की गयी। उसके बाद टीम द्वारा ज्ञानपुर सेमरियां में छापेमारी कर गिरोह के सदस्य राजेश तुरहा उर्फ लकड़ तुरहा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में पिछले 31 अगस्त की लूट सहित अन्य घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार की। साथ ही, उसने अपने गैंग के तीन अन्य सदस्यों का भी नाम बताया। जिसकी निशानदेही पर बबली सिंह और सत्येंद्र सिंह के घर से लूटी गयी दो बाइक भी बरामद की गयी। एसपी ने बताया कि अबतक की जांच में यह बात सामने आयी है कि गिरोह के सदस्यों द्वारा लूटी गयी बाइक से नदी के तटीय इलाकों में अवैध शराब की तस्करी करते हैं। उसकी पूरी जांच की जांच की जा रही है। अन्य घटनाओं में भी इन अपराधियों की संलिप्तता की तफ्तीश की जा रही है। गिरोह के तीन अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी और हथियार की बरामदगी को छापेमारी की जा रही है।

## उम्मीद...

### कोचिंग जा रही छात्रा के साथ अश्लील हरकत लोगों ने छात्र को जमकर पीटा, शिकायत दर्ज

**जहानाबाद।** जिले के मखदुमपुर में विद्यालय एवं कोचिंग करने वाले छात्राओं के साथ छेड़खानी तथा अश्लिलता का मामला प्रकाश में आया करता है। इसी कड़ी में टेहटा ओपी क्षेत्र में रविवार के दिन एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें कहा जा रहा है कि कोचिंग करने जा रही एक छात्रा के साथ एक छात्र ने छेड़छाड़ की है। मिली जानकारी के अनुसार टेहटा ओपी क्षेत्र के तरहुआ की एक छात्रा टेहटा में साइकिल से कोचिंग करने जा रही थी के अचानक तरहुआ गांव के ही एक छात्र ने हेरिडीह गांव के पास लड़की को रोककर छेड़खानी करने लगा। जिसका छात्रा ने विरोध किया तथा शोर मचाया। लड़की के शोर पर पहुचे लोगों ने एवं लड़की ने छात्र को जमकर पिटाई करने लगे। साथ ही लड़के से बीच सड़क पर ही थूक भी चटाया। वहीं इस घटना का किसी ने विडीयो बनाकर वायरल कर दिया, जो तेजी से वायरल हो रहा है। मामले में ओपी अध्यक्ष पप्पू कुमार राकेश ने बताया कि छात्रा ने लिखित आवेदन थाने में दिया है। छात्र के विरुद छेड़खानी का मामला दर्ज कर आगे की कारवाई की जा रही है।

### हथियार के बल पर दवा व्यवसायी से लूट की कोशिश, फायरिंग कर भागे लूटेरे, बची जान

**जहानाबाद।** हथियारबंद अपराधियों ने हथियार के बल पर शहर के चर्चित दवा कारोबारी से रुपये से भरा बैग को छिनने लगे। इसी दौरान मौके पर एसडीपीओ पहुंच गए। जिसे देख अपराधी हवा में फायरिंग करते हुए भाग खड़े हुए। मामला नगर थाना क्षेत्र के राजगृह होटल के पास की है। घटना के संबंध में पीड़ित दवा व्यवसाय ने बताया कि वह रविवार की रात अपनी दुकान बंद कर अपने बड़े भाई के साथ बाइक से अपने घर जा रहा था



इसी दौरान पहले से घात लगाए अपराधियों ने बाइक से ओवर टेक कर धक्का मार दिया और व्यवसायी से बैग छिनने लगा। इस दौरान व्यवसायी और अपराधियों में नोक झोंक होने लगा। तभी उसी रास्ते से गुजर रहे एसडीपीओ पहुंच गए। एसडीपीओ को गाड़ी से उतरते ही अपराधी अपनी बाइक छोड़ हवा में फायरिंग करते हुए भाग निकले। इस दौरान व्यवसायी की जान बाल बाल बच गया। व्यवसायी ने बताया कि अगर समय रहते डीएसपी मौके पर नहीं आते तो मेरी जान भी जा सकती थी। इधर एसडीपीओ मौके से बाइक को बरामद कर अपराधियों की तलाश शुरू कर दी है। इस बाबत एसडीपीओ राजीव कुमार सिंह ने बताया कि वह रात्रि गश्ती कर रहे थे। इसी दौरान देखा कि दवा कारोबारी से हथियारबंद अपराधी लूटने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने आनन फानन में खड़ी रोकवा कर अपराधियों को पकड़ने की कोशिश की लेकिन बदमाशों ने फायरिंग करते हुए भागने लगे। हालांकि इस दौरान उसका पीछा भी किया गया, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। एसडीपीओ ने बताया भागने के दौरान अपराधी अपनी बाइक और चप्पल मौके वारदात पर छोड़कर ही भाग निकला। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले में काको थाना अंतर्गत दमुहा से दो युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही इस घटना में शामिल अपराधियों को शिनाख्त कर गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## जिलाधिकारी रिची पांडेय ने की जिला कृषि टास्क फोर्स की समीक्षा

# परस्पर समन्वय स्थापित कर कृषि कार्यों में सहूलियत के साथ लाएं प्रगति : डीएम

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिलाधिकारी रिची पांडेय की अध्यक्षता में सोमवार को कृषि टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। जिसमें मौसम एवं फसल स्थिति, खरीफ फसल आच्छादन की स्थिति, उर्वरक उपलब्धता की स्थिति, पशुपालन, उद्यान, विद्युत, सिंचाई, हर खेत को पानी, खेत में जल संचयन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत लंबित ई-केवाईसी एवं एनपीसीआई कार्य पूर्ण करने आदि योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रक्षेत्रिय स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही, सामयिक निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य रूप से खरीफ मौसम के फसलों के आच्छादन, सिंचाई व्यवस्था एवं सम्मिलित विभागों के कार्यों की समीक्षा तथा परस्पर समन्वय स्थापित कर कृषि कार्यो में सहुलियत तथा प्रगति का निदेश जिलाधिकारी ने दिया। साथ ही, जिले में खेती की धान-गेहूं पद्यति के अतिरिक्त व्यापारिक एवं मोटे तथा दलहनी एवं तेलहनी फसलों की खेती को बढ़वा देने तथा किसानों द्वारा उनके अपनाने के निमित्त बाधाओं को दूर कर उपलब्धि हासिल करने का भी निदेश दिया।



**बीज लेकर खाली खेतों में लगाया जाएं:** बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि कम वर्षा से खरीफ मौसम में जिले के अनाच्छादित क्षेत्रों में फसल आच्छादन हेतु राई/तोरिया और मटर के क्रमशः 150,100 एवं 400 क्विंटल बीज की प्राप्ति हुई है। जिनका निःशुल्क वितरण बीआरबीएन ऐप के माध्यम से प्रखंडों में कैम्प द्वारा किया जा रहा है। कृषक बन्धुओं से अपील की गई है कि बीज प्राप्ति हेतु आवेदन बीआरबीएन ऐप पर किया जाए तथा ओटीपी प्राप्त होने पर बीज लेकर खाली खेतों में लगाया जाएं। जिले में गरमा अन्तर्गत 63.36 क्विटल ढैंचा बीज को अनुदानित दर पर बिहार राज्य बीज निगम के ऐप के माध्यम से वितरण किया गया है। जिससे 315 हेक्टेयर क्षेत्र में हरी खाद की खेती हो रही है तथा खरीफ फसलों की खेती हेतु 53082 हेक्टेयर क्षेत्र में आच्छादन का लक्ष्य बिहान ऐप पर प्रविष्टि किया गया है। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि खरीफ मौसम में विभिन्न कार्यक्रमों के तहत जिले में अनुदानित दर पर धान बीज वितरण के 1132.33 क्विंटल लक्ष्य के विरूद्ध 534.68 क्विंटल बीज की प्राप्ति हुई है, जिसे बिहार राज्य बीज निगम ऐप के ओटीपी पद्धति आधारित पहले आओ पहले पाओ के आधार पर 2058 किसानों को बीज वितरण का कार्य किया गया है।

**खेतों में फसल अनुसार करें खाद का प्रयोग :** जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जिले में उर्वरकों की कमी नहीं है तथा विभिन्न खुदरा उर्वरक प्रतिष्ठानों के पीओएस/भंडार में 4171.460 मे. टन यूरिया, 561.825 मे. टन डीएपी, 108.55 मे. टन एमओपी, 905.20 मे. टन एनपीके मिक्सचर एवं 370.90 मे. टन एसएसपी उर्वरक उपलब्ध है। अपील है कि कृषक बन्धु अपने खेतों/ प्लाटों के मिट्टी का अधिक से अधिक मिट्टी नमूनों की जाँच करावें तथा अनुशंसित मात्रा में ही खाद का प्रयोग अपने खेतों में फसल अनुसार करें। जिले में अभी विभिन्न उर्वरक प्रतिष्ठानों में समुचित मात्रा में उर्वरक है, जिसकी बिक्री निर्धारित मूल्य पर पॉस मशीन के माध्यम से किया जा रहा है। साथ ही, बताया गया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत जिले में जो किसान पंजीकृत है उनसे अपील है कि अपने नजदीकी वसुधा केन्द्र में तथा अपने संबंधित बैंक में जाकर अपने बैंक खाते को नेशनल पेमेन्ट कॉरपोरेशन ऑफ इन्डिया (एन0पी0सी0आई0) के पोर्टल पर अद्यतन प्रविष्टि करा लें तथा साथ ही अपना ई-केवीईसी भी अद्यतन करा लें। ताकि योजना अन्तर्गत मई-जून माह में मिलने वाली अनुमान्य अनुदान राशि उनके बैंक खाते में मिल सके।

**खराब पड़े नलकूपों को अविलम्ब चालू कराने का दिया निर्देश :** लघु सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि कुल 261 राजकीय नलकूपों में से 160 नलकूप चालू है तथा उनसे सिंचाई का कार्य किया जा रहा है। विभिन्न कारणों से खराब पड़े नलकूपों को अविलम्ब चालू कराने का निर्देश जिलाधिकारी ने लघु सिंचाई के कार्यपालक अभियंता को दिया। क्योंकि अभी खरीफ बुआई का चरम समय है, जिससे किसानों को सुविधा होगी।

### बिना चालान के बालू लदे आठ ट्रैक्टर और दो ट्रक जब्त

**आरा।** जिले में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ रविवार की रात एसपी के निर्देश पर पूरी छापेमारी अभियान चलाया गया। कोईलवर से लेकर तरारी थाना क्षेत्र तक में पुलिस द्वारा धरपकड़ की जाती रही। उस दौरान अवैध और बिना चालान के बालू ढुलाई में लगे दो ट्रक और आठ ट्रैक्टर को जब्त किया गया। एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि अवैध बालू खनन और परिवहन की सूचना मिलने पर रविवार की रात धरपकड़ अभियान चलाया गया ।उसे लेकर सदर एएसपी चंद्रप्रकाश और पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। टीम द्वारा कोईलवर, सहार, नारायणपुर और तरारी सहित बालू वाले इलाके में पूरी रात छापेमारी की जाती रही। उसी क्रम में अवैध चालान के आधार पर बालू ले जा रहे दो ट्रक और बिना चालान के बालू लदे आठ ट्रैक्टर को जब्त किया गया। आगे की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभियान लगातार चलता रहेगा। छापामारी टीम ने कोईलवर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार, नारायणपुर थानेदार राकेश कुमार, सहार थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार और तरारी थाना प्रभारी पीके भास्कर शामिल थे।

# शिक्षा के साथ हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहीं केजीबीवी की छात्राएं: डॉ. इंदु

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिला मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में शिक्षा विभाग की सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी मीनू कुमारी व अकाउंटेंट रवि रंजन सहाय की विदाई-सह-सम्मान समारोह आयोजन किया गया। जिसमें जिला अंतर्गत सभी कस्तूरबा गांधी विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका एवं कर्मियों ने नए कार्यक्रम पदाधिकारी नैनिका कुमारी का भी स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षाविद इन्दू कश्यप ने कहा कि शिक्षा के साथ हर क्षेत्र में छात्राएं भी आगे बढ़ रही है। जिसमें कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का अहम योगदान है। इसमें छात्राओं को अनुशासन में रहकर अच्छी शिक्षा, खेलकूद, जुड़े-कराटे का प्रशिक्षण दिया जाता है। जिससे छात्राएं शैक्षणिक और प्रशैक्षणिक रूप से मजबूत होकर आगे बढ़ती है।

वहीं, ट्रांसफर हुए कार्यक्रम पदाधिकारी मीनू कुमारी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कार्यरत सभी कर्मी-शिक्षिका का सहयोग सकारात्मक रहा। सभी ने मिलजुल कर कस्तूरबा गांधी में अच्छे से कम किया। मैं जहां भी रहूंगी, जितना संभव होगा हमेशा जहानाबाद को मदद करूंगी तथा



छात्राओं को मैं बताना चाहती हूं यह विद्यालय प्लस टू तक हो चुका है आगे की पढ़ाई आप यहां अनुशासित पूर्वक रहकर करें और स्वयं के साथ-साथ अपने माता-पिता एवं जहानाबाद का नाम रौशन करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्डन-सह-शिक्षिका प्रियंका कुमारी। संचालन आभा कुमारी तथा धन्यवाद ज्ञापन संसाधन शिक्षक आशुतोष कुमार ने किया। मौके पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के सभी प्रखंड से शिक्षिका और कर्मी विदाई समारोह में उपस्थित होकर मीनू कुमारी के अच्छे कार्यकाल के लिए आभार व्यक्त करते हुए स्वागत किया। छात्राओं ने विदाई गीत गाकर समारोह को भावुक कर दी। राष्ट्रगान के बाद कार्यक्रम समाप्त हुआ।

## तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की मौत

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के बड़हरा गांव में बाइक की चपेट में आने से 57 वर्षीया एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गयी। बताया जाता है कि सोमवार की सुबह वो गांव में पैदल जा रही थी, इस बीच अज्ञात बाइक सवार ने पीछे से ठोकर मारी और भाग निकला। जिसमें गंभीर रूप से जख्मी महिला को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतका बड़हरा गांव निवासी स्व. इंद्रजीत कुमार सिंह की पत्नी रामुना कुंवर थी। उनकी पोती अनामिका कुमारी ने बताया कि सोमवार की सुबह वह गांव में ही कुछ दूर पर एक व्यक्ति को पैसा देने जा रही थी। अस दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गयी।



ग्रामीणों की सूचना घर के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। तबतक सरकारी एंबुलेंस पहुंच चुकी थी। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए चरपोखरी पीएचसी लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें आरा अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालांकि सदर अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर नगर थाने की पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जा रहा है कि महिला को एक पुत्र उपेंद्र कुमार सिंह है। हादसे के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है।

# जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया कार्यक्रम में शामिल होंगे प्रदेश अध्यक्ष, भव्य स्वागत की तैयारी: जिलाध्यक्ष

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

सोमवार को जिला कांग्रेस कमिटी जहानाबाद की मासिक समीक्षात्मक बैठक की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा जी ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री शर्मा ने आज के निर्धारित विषय पर सर्वप्रथम क्रमवार प्रखंडों के अध्यक्ष और प्रभारी से क्षेत्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कहा कि हमें क्षेत्रिय जनता की समस्याओं को सबसे पहले सुनना है और उसका निराकरण हेतु संबंधित विभागों से संपर्क कर जनहित में काम करना है। साथ ही साथ पंचायत और बुथ स्तर तक पार्टी की विचारधारा और आदरणीय राहुल गांधी जी का संदेश को पहुंचाना है। भारत जोड़ो यात्रा



की देन है आज इंडिया महागठबंधन मजबूत रुप में उभर कर सामने आई और भाजपा घबराई हुई है। फिलहाल बिहार में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद जी के अगुआई में राहुल गांधी का संदेश "जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया" कार्यक्रम के तहत पटना से गया जाने के क्रम में दिनांक 09 सितम्बर को जहानाबाद में कांग्रेस कार्यालय का विधिवत उद्घाटन करेंगे। इसकी में हम सभी की उपस्थिति अनिवार्य है। गोपाल शर्मा ने अपने जिले के सभी कांग्रेसी नेतागण एवं कार्यकताओं को इस कार्यक्रम के आने का न्योता दिया है।

बैठक के उपरांत जिला प्रवक्ता अशोक प्रियदर्शी द्वारा रखी गई प्रेस-वार्ता को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने उक्त बातों की जानकारी दी। बैठक में शामिल जिला कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा, प्रो खलील अंसारी, मो० इश्तियाक आजम, वरिष्ठ नेता प्रो भूषण कुमार सिंह, रामजी प्रसाद, गौरीशंकर यादव, मिथलेश पाण्डेय, रामविनय शर्मा, बिरेन्द्र कुमार, धनंजय कुमार सिंह, वशीमुल हक रुस्तम, कन्हैया शर्मा, विमलेश शर्मा, कमलेश कुशवाहा, हेमन्त कुमार, शाहिद अनवर, जयशंकर शर्मा, मुकेश गुप्ता, हलखोरी मांझी, रामप्रवेश ठाकुर, मो आमीन अंसारी, शिवशंकर गौतम सहित दर्जनों नेता कार्यकर्ता उपस्थित हुए।






### बारिश धान की फसल के लिए संजीवनी, किसान के चेहरों पर दिखी खुशी

# आंधी तूफान से जनजीवन अस्त व्यस्त, बिजली आपूर्ति घंटों ठप

♦ विद्युत पोल व पेड़ गिरे, सब्जी की खेती को भारी नुकसान

**केटी न्यूज/गाजीपुर**





जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में रविवार को तेज आंधी के साथ हुई मूसलाधार बारिश ने मुहम्मदाबाद तहसील में जमकर तबाही मचाई। दर्जनों पेड़ एवं झोपड़ियां जमींदोज हो गईं। पेड़ गिरने से घंटों राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन रूका रहा। तेज आंधी में दर्जनों टीनसेड भी उड़ गए।भांवरकोल ब्लाक में देर रात आए आंधी तूफान से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। अचानक मौसम में आए बदलाव से आंधी तूफान से कई स्थानों पर पेड़ गिरने, तो कुछ स्थानों पर बिजली के तार टूटने की घटनाएं हुई। बिजली का तार टूटने से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की बिजली सप्लाई आठ घंटे से अधिक बाधित रही। मौसम में अचानक बदलाव से किसानों के चेहरे पर खुशी छाई है।

आसमान में गरज-तड़प के साथ देर रात तेज आंधी आने के कारण विद्युत तार ठीक से जुड़ भी नहीं पाए थे कि बिजली घरों के बंद होने से उपभोक्ताओं को भारी समस्या का सामना करना पड़ा।

सड़क पर गिरे बिजली के पोल

नेशनल हाई-वे पर पेड़ गिरने से यातायात 40 मिनट तक बाधित रहा। मुहम्मदाबाद तहसील मुख्यालय व आसपास के इलाके में तबाही मचाने के बाद तूफान भांवरकोल, कुंडेसर, शेरपुर सहित अन्य गांवों के विद्युत तार, पोल और खंभों को क्षति पहुंचाई। जिससे बिजली सप्लाई बाधित रही। मौसम में बदलाव आने से नर्सरी के लिए लगाए गए पौधे बुरी तरह से प्रभावित हो गए हैं। रात में हल्की बारिश होने पर किसानों ने बताया कि अभी टमाटर, मिर्च, गोभी की नर्सरी खेत में लगाई गई है। तेज हवाओं ने ज्यादातर क्षेत्र में काफी नुकसान पहुंचाया है।

मौसम के तल्ख होने से किसान पहले ही परेशान थे। अब बीती रात में तेज आंधी आने के कारण बहुत सारी फसल बर्बाद हो गई है। बदलते मौसम से किसानों के माथे पर कहीं खुशी, तो कहीं गम नजर आ रहा है।

उधर आंधी -तूफान के बाद नुकसान का जायजा लेने के लिए कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग की टीम जांच पड़ताल कर रही है।

## बच्चा चोरी की जांच कर रहे जवानों की पिटाई

**पीडीडीयू नगर।** नगर के पीडीडीयू जंक्शन के बाहर सादे वेश में बच्चा चोरी की जांच कर रहे जीआरपी के जवानों की स्थानीय दुकानदारों ने पिटाई कर दी। जिसके बाद आरपीएफ और जीआरपी के अन्य सिपाही मौके पर पहुंच गए और सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया। रविवार की रात 12 बजे के करीब घटी घटना की क्षेत्र में चर्चा रही। मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के काली मंदिर के समीप बच्चा चोरी मामले की जानकारी ले रही जीआरपी से आसपास के दुकानदारों और युवकों ने मारपीट कर लिया। सादे वेश में पहुंचे जवान भागकर स्टेशन परिसर में पहुंचे। वहा भी युवकों ने मारपीट किया। इसमें एक जवान घायल हो गया। जवानों ने मारपीट के मामले में सात लोगों को गिरफ्तार कर कार्रवाई करने में जुटी है। घटना की जानकारी होते ही जीआरपी सीओ घटना की जानकारी लेने पहुंच गये। पीडीडीयू जीआरपी के राहुल यादव सिपाही बच्चा चोरी की मामले में काली मंदिर के समीप पैसा ट्रांसफर होने के बाबत जानकारी लेने पहुंचा। जहां एक युवक से कहासुनी हो गई। वहीं कहासुनी के बाद दर्जनों युवक सिपाही पर टूट पड़े। इसके बाद जवान स्टेशन परिसर में भागकर पहुंचा। इस दौरान अन्य जीआरपी के जवान हस्तक्षेप किए तो युवक उनसे भी मारपीट करने लगे।

## दिव्यांगों को उपकरण उपलब्ध कराने की ब्लॉकवार तिथि घोषित

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य ने समस्त उपजिलाधिकारी एवं समस्त खंड विकास अधिकारियों को पत्र प्रेषित किया है। पत्र में निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग लखनऊ द्वारा बारह अप्रैल 2023 को ध्यान में रखते हुए यह अपेक्षा की गई है कि कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजनान्तर्गत वितरण कार्य संपन्न कराया जाए।

विभिन्न प्रकार के अनुमन्य सहायक उपकरण जैसे ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, हियरिंग एड आदि उपलब्ध कराने तथा शल्य चिकित्सा योजनान्तर्गत काक्लियर इम्पलांट के लाभार्थियों एवं जिनके हाथ-पैर नहीं है, उनके कृत्रिम हाथ पैर लगवाने के लिए चिन्हांकन करने को कहा गया है। पात्रों के आवेदन पूर्ण कराकर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के वेब पोटल https://divyangjanup.upsdc.gov.in पर अपलोड किया जाएगा तथा अपलोड आवेदनकताओं के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में सहायक उपकरण क्रय करते हुए वितरण की कार्रवाई की जानी हैं। लाथार्थियों के चिन्हांकन के लिए निम्नलिखित तिथियों में विशेष शिविर का आयोजन किया जाता है। विकास खंड रेवतीपुर मुख्यालय पर पांच सितंबर को, विकास खंड गाजीपुर नौ सितंबर, विकास खण्ड सैदपुर-12 सितंबर , विकास खण्ड देवकली-15 सितंबर, विकास खण्ड वाराचवर-19 सितंबर, विकास खण्ड विरनों-22 सितंबर, विकास खण्ड जखनियॉं- 26सितंबर, विकास खण्ड मुहम्मदाबाद-30.सितंबर, विकास खंड कासिमाबाद- 04.अक्टूबर, विकास खण्ड जमानियॉं- 06.अक्टूबर को विकास खण्ड मुख्यालय पर शिविर का आयोजन किया जाएगा।

उपर्युक्त चिन्हांकन शिविर में दिव्यांगजनों के आवश्यकता अनुरूप सहायक उपकरण के आवेदन पत्र भरवाए जाएंगे। चिन्हांकन के लिए दिव्यांगजनों को निम्नलिखित दस्तावेज लाना आवश्यक है।

## गरीबों व मजदूरों के मुद्दों पर आंदोलन करेगी सपा: चन्द्रभानु

**चंदौली।** सपा मजदूर सभा की बैठक जिलाध्यक्ष चंद्रभान यादव की अध्यक्षता में समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय डा.राम मनोहर लोहिया भवन में हुई। इस दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष चन्द्रभानु यादव ने कहा कि मजदूर सभा जिला और विधानसभा में तमाम सक्रिय कार्यकताओं को पदों रखा जाएगा। पहले से ही मजदूर सभा मजदूरों की हक एवं अधिकार की लड़ाई लड़ता रहा है जिसको आगे भी मजदूरो और गरीबों के सवाल पर बड़े पैमाने पर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है इसके अलावा जनता के जनहित मुद्दों को उपभोक्ता से भी उठाने निर्णय लिया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि शीघ्र ही समाजवादी मजदूर सभा को 13 मांगों को लेकर मजदूरों के हित में मांग पत्र जिलाधिकारी को सोपने का निर्णय लिया गया तथा उस पर कार्रवाई न होने पर पार्टी जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन का कार्य करेगी। अधिकारी बूथों पर मतदाता सूची में 18 वर्ष की आयु के लड़के लड़कियों का नाम जुड़वाने का आहान किया गया।




## सौहार्दपूर्ण शांति व्यवस्था के साथ मनाएं त्योहार: डीएम



**केटी न्यूज/बलिया**

जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक जिलाधिकारी रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। कृष्ण जन्माष्टमी एवं मोहर्रम के चेहल्लुम का त्योहार सिया बिरादरी का 09 और 10 सितम्बर एवं सुन्नी बिरादरी का चेहल्लुम का त्यौहार 07 व 08 सितम्बर को मनाया जाएगा। सिया बिरादरी का शहर में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित है 09 और 10 सितंबर को इनका जुलूस निकलेगा, जो शिया मस्जिद होटल आर्यन के सामने गली में होते हुए धर्मशाला चौराहा से विशुनीपुर चौराहा से शिया मस्जिद पर समाप्त होगा। उन्होंने कहा कि त्यौहार को सौहार्दपूर्ण शांति व्यवस्था के साथ मनाएं। अगर कोई किसी प्रकार की समस्या आती है तो तुरंत हमारे सभी एसडीएम और सभी थानाध्यक्ष तथा क्षेत्रीय अधिकारी को अवगत कराएं, ताकि उसका तत्काल निस्तारण किया जा सके। पुलिस बल हर जगह पर मुस्तैद रहेगी। बैठक में एसपी एस आनंद, सीडीओ प्रवीण वर्मा, एडीएम, सिटी मजिस्ट्रेट श्रीकांत द्विवेदी, ओन्ली सामान अधिकारी आरएस यादव, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली राजीव कुमार सिंह, एसडीएम अखिलेश यादव, हाजी, अफसर आलम आदि उपस्थित रहे।

## एल्कोहालिक बेवरेजेज प्रतिष्ठान समय से कराएं लाइसेंस रिन्यू

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

♦ प्रदेश में कार्यरत खाद्य कारोबारकर्ताओं की संख्या में कमी प्रदर्शित न हो

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ ने लगभग एक माह पूर्व जारी आदेश में बताया था कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में दो फरवरी को राज्य स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की बैठक हुई थी। जिसमें खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम-2006 की नियमावली 2011 एवं समस्त अन्य विनियमावली व खाद्य सुरक्षा एवं मानक (एल्कोहालिक बेवरेजेज) विनियम 2018 को उत्तर प्रदेश राज्य में प्रवृत्त किए जाने के संबंध में निर्णय लिया गया है।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा निर्देश दिया गया कि एल्कोहालिक बेवरेजेज प्रतिष्ठानों के लाइसेन्स व पंजीकरण का ससमय नवीनीकरण किया जाना आवश्यक है। इससे प्रदेश में कार्यरत खाद्य कारोबारकताओं की संख्या में कमी प्रदर्शित न हो। इसी प्रकार खाद्य रसद एवं आपूर्ति विभाग की दुकानों एवं भंडार गृहों के लिए भी उक्त वर्णित खाद्य लाइसेंस व पंजीकरण प्राप्त करना अनिवार्य है।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश द्वारा जनपद के आबकारी विभाग, खाद्य रसद एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को एल्कोहालिक बेवरेजेज प्रतिष्ठानों एवं खाद्य रसद एवं आपूर्ति विभाग की दुकानों का खाद्य लाइसेन्स व पंजीकरण को ससमय लाइसेन्स व पंजीकरण से आच्छादित किए जाने तथा बिना वैध खाद्य लाइसेंस व पंजीकरण प्राप्त करने, प्रतिष्ठानों को स्टॉक की आपूर्ति न किए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किए जाने के निर्देश जिलाधिकारी को दिए गए हैं। बीते दिनों आयोजित कर-करेत्तर की बैठक में जिला आबकारी अधिकारी को आबकारी विभाग से सम्बन्धित एल्कोहालिक बेवरेजेज के थोक विक्रेता व फुटकर विक्रेता के लिए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत खाद्य लाइसेन्स व पंजीकरण उनके स्तर से कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

## आग से तीन पशु जलकर मरे

**गाजीपुर।** सेवराई तहसील क्षेत्र के गोड़सरा गांव में रविवार की रात बारिश से पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग के कारण घर गृहस्थी का सामान सहित तीन मवेशियों की जलने से मौत हो गई। बता दें कि गहमर थाना क्षेत्र के गोड़सरा गांव निवासी साजिद खान पुत्र स्व.मतलूब खान रोज की भांति शनिवार देर शाम खाना खाकर सो गए। तभी देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में उनके रिहायशी मड़ई में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते मड़ई धूं-धूं कर जलने लगी।

## बाहर घूम रहे पशुओं के लिए बनी कार्य योजना: डीएम

**केटी न्यूज/बलिया**



जनपद स्तरीय खरीफ/गोष्ठी कृषि निवेश मेला कृषि भवन में सोमवार को आयोजित किया गया। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने कहा कि शासन स्तर से जो सुविधा प्राप्त है, उसको किसानों को मानक के अनुरूप लाभ दिया जाए। बिजली विभाग की समस्या के संबंध में अधिशासी अभियंता को निस्तारण कराने का निर्देश दिया गया। चेताया कि अगर निस्तारण नहीं होता है तो शासन को पत्र लिखा जायेगा।

डीएम ने कहा कि गौ आश्रय स्थल और बाहर घूम रहे पशुओं की कार्य योजना बना ली गई है, और जिले के सभी गौस्थल को सुंदर बनाने की व्यवस्था किया जा रहा है, जिसमें पानी, चारे, बिजली की व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाए की जाएगी, एक माह से सभी गौस्थल को सुंदरीकरण का कार्य बहुत तेजी से हुआ है।

जनपद के सभी गौशालयों को ऐसा बनाया जाएगा कि दूसरे जिले से बेहतर हो। ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए अभियान चलाया गया, जिसमें घूम रहे आवारा पशुओं लगभग 800 पकड़े गए थे उसको भी गौ आश्रय में शिफ्ट किया गया।

उन्होंने कहा कि गाय के गोबर और धान, गेंहू की पराली से खाद बनाने की पहल की जा रही है। इसके लिए जिले में खाद बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। शासन का भी निर्देश है कि धान, गेहूं की पराली को ना जलाया जाए। पकड़े जाने पर जुमार्ना लगेगा और कार्यवाही होगी। किसानों से कहा कि जिले में मक्का और बाजरा का क्रय केंद्र खोला गया है, इसका लाभ अवश्य उठाएं। जिले के मंडी में पाली हाउस खुलने का प्रयास किया जा रहा है इसके लिए शासन स्तर पर पत्र भेजा गया है। इस पर कार्यवाही हो रही है। कार्यक्रम में सीडीओ प्रवीण वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश साहू, जिला कृषि अधिकारी एवं समस्त कृषक गण मौजूद रहे।

## पूर्व नपाध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने किया दिल्ली दरबार रेस्टोरेंट का उद्घाटन



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

रौजा स्टैंड के बगल में होटल दिल्ली दरबार रेस्टोरेंट का उद्घाटन पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कुमार अग्रवाल ने किया। जिसमें नगर के गणमान्य नागरिकों सहित व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। एक होटल दिल्ली दरबार के अधिष्ठाता सलमान भाई ने बताया कि वेज नॉनवेज हर प्रकार के व्यंजन फास्ट फूड चाऊमीन बर्गर पिज्जा हमारे यहां उपलब्ध हैं इससे पहले हमारी एक शाखा बिरियानी हाउस के नाम से स्टेशन रोड पर स्थित है, जो अभी भी चल रही है। ग्राहकों की मांग को देखते हुए हमने मुहम्मदाबाद बस स्टैंड पर नगरवासियों के लिए यह शानदार रेस्टोरेंट खोला है। इस अवसर पर व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अबू फखर खां, जिला महामंत्री गुड्डू केसरी, युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष सुधीर केसरी, प्रिंस अग्रवाल, पप्पू गाजी, आकाशदीप सहित नगर के नागरिक व व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## गाजीपुर: तीन माह में मिले 12 डेंगू मरीज

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

मुख्य चिकित्साधिकारी ने सभी संक्रामक बीमारियों से पीड़ित मरीजों की सूचना संकलन का कार्य किया जा रहा है। सरकार द्वारा विकसित यूनिफाइड डिजीज सर्विलांस पोर्टल (यूडीएसपी) के द्वारा 15 मई 2023 से अबतक जनपद के 12 मरीजों कंफर्मेटरी टेस्ट के उपरांत डेंगू संक्रमित होने की सूचना दी गई है। जिसमें से चार मरीजों का पता अपूर्ण होने के कारण उनका सत्यापन नहीं किया जा सका है। शेष आठ मरीजों में से एक मरीज स्थाई तौर पर लखनऊ में ही निवास करता है। इस प्रकार अबतक जनपद में कुल सात मरीज ही सत्यापित किए जा सके हैं। जिनमें समस्त निरोधात्मक कार्रवाई नियमानुसार 48 घंटे के भीतर संपन्न कराई जा चुकी है।

यह सभी मरीजों की स्थिति में सुधार है। उक्त पोर्टल पर प्रदेश के सभी राजकीय कृत एवं निजी पैथोलॉजी द्वारा डेंगू कंफर्म तथा सस्पेक्टेड मरीजों की सूचना दर्ज किया जाना अनिवार्य किया गया है। ताकि सही तथा एकरूप सूचना राज्य से लेकर ब्लॉक स्तर तक तत्काल पहुंच सके और 48 घंटे के भीतर निरोधात्मक कार्रवाई कराई जा सके। संक्रमण काल को दृष्टिगत करते हुए आम जनता से अपील है कि घरों के अंदर स्थापित कूलरों का पानी बिल्कुल निकाल दें एवं घरों तथा उसके आसपास के सभी कबाड़ की वस्तुओं जिनमें पानी इकट्ठा होता हो उसे नष्ट कर दें।

सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें और बदन को पूरा ढक कर रखें एवं दिन में मच्छरों के काटने से स्वयं को बचाएं। यह बताना आवश्यक है कि डेंगू के फैलने वाले मच्छर घर और उसके आसपास के बर्तनों के साफ पानी में ही विकसित होते हैं।



## घोसी उप चुनाव : कलेक्ट्रेट भवन सभागार में स्थापित किया गया कंट्रोल रूम

# वोटिंग आज, सुरक्षा के पुख्ता इंतेजामात

**केटी न्यूज/मऊ**

विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत जनपद के विधानसभा क्षेत्र घोसी में कल होने वाले मतदान के दृष्टिगत आज पोलिंग पार्टियां कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना हुई। इस दौरान जिला अधिकारी अरुण कुमार ने पोलिंग पार्टियों की रवानगी हेतु निर्धारित विभिन्न टेबलों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। 5 सितंबर को होने वाले मतदान हेतु कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पार्टी रवानगी स्थल से दोपहर 2:00 बजे तक समस्त पोलिंग पार्टियां अपने निर्धारित मतदेय स्थलों हेतु रवाना हो चुकी थी। इसके अलावा जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित चुनाव कंट्रोल रूम, एमसीएमसी पटल तथा वेव कास्टिंग व्यवस्था का भी निरीक्षण किया।

चुनाव कंट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान उन्होंने चुनाव से संबंधित अब तक प्राप्त शिकायतों एवं उनके निस्तारण की स्थिति की जानकारी लेते हुए ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों को प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। एमसीएमसी पटल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां पर तैनात कार्मिकों को विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक चैनलों, सोशल मीडिया तथा अखबारों पर सतर्क नजर रखने के निर्देश दिए, जिससे आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन,विज्ञापन या पेड न्यूज जैसी कोई खबर संज्ञान में आने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित उच्च अधिकारियों को निर्देशित किया जा सके। कलेक्ट्रेट परिसर के प्रथम तल स्थित सभागार में वेव कास्टिंग व्यवस्था एवं मतदान के दिन अलग से स्थापित कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण जिला अधिकारी द्वारा किया गया। वेव कास्टिंग व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यदाई संस्था को बूथों पर सीसीटीवी कैमरो की अनवरत सक्रियता रखने के निर्देश दिए। वहीं कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों का वेब कास्टिंग व्यवस्था से समन्वय स्थापित करते हुए तत्काल निस्तारित करने को कहा। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील लाल श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।






### निर्वाचन से संबंधित दर्ज करा सकते हैं शिकायत

**मऊ।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील लाल श्रीवास्तव ने बताया कि 354 घोसी विधानसभा उप निर्वाचन 2023 हेतु मतदान दिवस 05 सितंबर 2023 को सकुशल संपादन एवं विभिन्न सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट भवन सभागार में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका स्थापित टेलीफोन संख्या 0547-2990901, 0547-2221565, 0547-2224117 एवं 0547-2970160 पर निर्वाचन संबंधित सूचनाओं को दर्ज करा सकते हैं।

### 239 मतदान केंद्रों के 455 बूथों पर वोटिंग

**मऊ।** उप निर्वाचन हेतु कुल 239 मतदान केंद्रों के 455 बूथों पर मतदान होगा। पूरे निर्वाचन क्षेत्र को 2 जोन एवं 27 सेक्टर में विभाजित किया गया है। इस प्रकार दो जोनल एवं 27 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। इस निर्वाचन को संपन्न कराने हेतु कुल 591 कंट्रोल यूनिट, 591 बैलेट यूनिट तथा 630 वीवी पैट हैं, जिनमें से 455 ईवीएम एवं वीवी पेट समस्त बूथों पर प्रेषित किए जाएंगे। प्रत्येक जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट के पास दो-दो ईवीएम एवं वीवी पेट मशीन का सेट रहेगा। शेष रिजर्व में रखे रहेंगे। मतदान को सकुशल संपन्न कराने हेतु कुल 2002 कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है, जो कुल बूथ के सापेक्ष 110 है। प्रत्येक पोलिंग पार्टी में चार कार्मिक चुनाव कार्य को संपन्न करेंगे।

### कक्षा 1 से 8 तक के विद्यालय रहेंगे बंद

**मऊ।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार उपाध्याय ने बताया कि 354 घोसी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का उप निर्वाचन-2023 का मतदान दिनांक 05 सितम्बर 2023 को होना है। उक्त के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी मऊ द्वारा मतदान के दिन जनपद मऊ में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने ने बताया कि जनपद में संचालित कक्षा 01 से 08 तक के समस्त परिषदीय विद्यालयों/समस्त बोर्ड से मान्यता प्राप्त / सहायता प्राप्त विद्यालयों में मतदान दिनांक 05 सितम्बर 2023 को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। यदि किसी विद्यालय में मतदान दिवस को पठन-पाठन आदि संचालित पाया जाता है, तो कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

### चुनाव के दिन बंद रहेंगे कारखाने तथा दुकान एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठान

**मऊ।** जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार 354 घोसी में उपचुनाव के लिए मंगलवार पांच सितंबर 2023 नियत है। गत निर्वाचन की भांति इस निर्वाचन हेतु मतदान तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाना है। जिसके क्रम में लोक प्रतिनिधित्व की धारा 135 ख के प्रावधानों के तहत अविरल व अनविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को मतदान का उपयुक्त अवसर प्रदान करने हेतु मतदान के दिवस को सार्वजनिक करने तथा अगले साप्ताहिक अवकाश के दिन उनसे कार्य न लेने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने हेतु भी निर्देशित किया गया है। अतः 354 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन 2023 के अंतर्गत उक्त क्षेत्र अंतर्गत समस्त कारखाने अविरल व अनविरल तथा दुकान एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। कारखाने तथा दुकान एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत समस्त कार्यक्रमों को सार्वजनिक अवकाश दिनांक 5 सितंबर 2023 का वेतन देय होगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया जाता है।

## बिना लाइसेंस के खाद्य व्यापार करने पर 5 लाख का जुर्माना




**केटी न्यूज/मऊ**

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद मऊ तथा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मोहम्मदाबाद गोहना के संयुक्त तत्वाधान में मऊ जनपद के सहायक खाद्य आयुक्त द्वितीय सुरेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में क्षेत्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा शहीद चौराहे के सन्निकट खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत आवश्यक अनुज्ञप्ति(लाइसेंस) व पंजीकरण हेतु कैंप लगाया गया।

इस कैंप में पंजीकरण हेतु 30 तथा अनुज्ञप्ति हेतु 2 आवेदन प्राप्त हुए। पूर्ण पंजीकरण आवेदनों के प्रमाणपत्र मौके पर ही जारीकर सम्बंधित कारोबारियों को प्राप्त कराया गया। कैम्प आयोजन को सफल बनाने में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मोहम्मदाबाद गोहना के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद गुप्ता, जिला संरक्षक ईश्वर दयाल, युवा अध्यक्ष मनीश कुमार कश्यप, संगठन मंत्री मुश्ताक अली कुरेशी आदि का विशेष सहयोग रहा। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्राविधानानुसार बिना पंजीकरण खाद्य कारोबार करते हुए पाए जाने पर 200000 का जुर्माना हो सकता है एवं बिना लाइसेंस कारोबार करने पर 6 माह की सजा एवं 5 लाख का जुर्माना भी हो सकता है।






## एक शिक्षक सही मायने में राष्ट्र निर्माता इनका सम्मान आवश्यकः सुनील बंसल

**केटी न्यूज/मऊ**

मऊ। शिक्षक राष्ट्र निमार्ता होते हैं राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में उनकी भूमिका कभी समाप्त नहीं होती। यह आजीवन सेवानिवृत्ति नहीं होते हैं। राष्ट्र समाज में उनकी बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में हमें इनका सदैव सम्मान करना चाहिए। उपरोक्त बातें रोटरी क्लब प्राइड मऊ के स्थापना दिवस समारोह पर संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष सुनील बंसल ने कहा। नगर के एक प्लाजा में आयोजित इस कार्यक्रम में चार शिक्षको को राष्ट्र निमार्ता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिसमे ऋषिदेव तिवारी पूर्व प्रवक्ता डीएवी इन्टर कॉलेज मऊ, महेन्द्र सिंह पूर्व प्रवक्ता डीसीएसके पीजी कालेज, सुभाष राम निर्मल जी शिक्षक मुहमदाबाद गोहना व शैलेन्द्र यादव शिक्षक एवं पर्यावरणविद शामिल रहे। कार्यक्रम के पूर्व मंडलाध्यक्ष रो सुनील बंसल के अधिकारिक यात्रा पर रोज गार्डेन में 10 बेंच के लोकार्पण के बाद वहीं पर आम के वृक्षों का रोपण भी किया गया। जिसके बाद प्राथमिक पाठशाला इंदरपुर ईमलिया पर क्लब द्वारा दस पंखे व 70 बच्चों को जूता मोजा सौंपा गया। अपने दो माह के कार्यकाल का ब्यौरा देते हुए अध्यक्ष अतुल जायसवाल सचिव विशाल शर्मा ने बताया प्रत्येक माह की 9 तारीख को चिन्हित गर्भवती महिलाओं को प्रोटीन व अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराई जाती हैं। कार्यक्रम में रोटरी क्लब प्राइड के तीसरे स्थापना दिवस पर अपनी युवा शाखा रोटरेक्ट क्लब प्राइड के स्थापना की घोषणा मंडलाध्यक्ष व अध्यक्ष अतुल कुमार जायसवाल द्वारा की गई।



### आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की अनियमितता के विरोध में ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

**चंदौली।** सदर विकासखंड के मझवार गांव के ग्रामीणों ने सोमवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पर अनियमितता का आरोप लगाया। अंत में मागों से संबंधित ज्ञापन एडीएम अभय कुमार पांडेय को सौंपा। इस दौरान ग्राम प्रधान नामवर सिंह ने कहा कि आंगनवाड़ी द्वारा भारी अनियमितता बरती जा रही है। कुछ भी पूछने पर आंगनवाड़ी द्वारा ग्रामीणों को भगा दिया जाता है। बार-बार समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन वह अपनी जिद पर अड़ी हुई। इसकी पूरे प्रकरण की जांच कराई जाए और दोषी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई हो। ग्रामीणों ने कहा कि 44 बच्चों को खाद्यान्न और शासन से मिलने वाली सामग्री वितरित करनी थी, लेकिन मात्र 14 बच्चों को ही वितरित किया गया है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन नौ को

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त निर्देश राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन नौ सितंबर 2023 को जनपद न्यायालय व बाह्य न्यायालय सैदपुर एवं मुहम्मदाबाद व ग्राम न्यायालय जखनियां के साथ-साथ अन्य सरकारी प्रतिष्ठानों में किया जाएगा। दीपेंद्र कुमार गुप्ता सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व की भांति राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्देश प्रकरण यथा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र संबंधी, छोटे व लघु दाण्डिक वाद, पारिवारिक वाद, धारा-138 एन. आई. एक्ट स्टाम्प वाद/पंजीयन वाद, मोटर अधिनियम वाद, चकबंदी वाद, श्रम वाद, उपभोक्ता फोरम वाद वाट-माप प्रचलन अधिनियम वाद, कराधान प्रकरण, बिजली चोरी के वाद, सुलह समझौता एवं मध्यस्थता के माध्यम से वैवाहिक विवाद को परिपक्व कराकर ज्यादा से ज्यादा वादों का निस्तारण कर लाभान्वित करते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है।

## पुरानी पेंशन व स्थानान्तरण का उठा मुद्दा

**केटी न्यूज/चंदौली**

उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ने सोमवार को पुरानी पेंशन सहित 18 महत्वपूर्ण मांगों को लेकर बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय पर धरना दिया। इस दौरान पुरानी पेंशन की बहाली पर जोर दिया। साथ कैशलेस चिकित्सा सुविधा, पदोन्नति जैसे मांगों को पूरा किए जाने की मांग की। वहीं अंतरजनपदीय व अंतः जनपदीय पारस्परिक स्थानान्तरण पूरे सत्र के दौरान प्रभावी किए जाने की आवश्यकता जताई।

इस दौरान अध्यक्ष जिला संयोजक आनन्द सिंह ने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन विद्यालयों में 01 अप्रैल 2005 व उसके बाद नियुक्त शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाए। शिक्षकों को राज्य कर्मचारियों की भांति उपार्जित अवकाश, द्वितीय शनिवार अवकाश, प्रतिकर अवकाश, अध्ययन अवकाश का लाभ दिया जाए। इसके अलावा शिक्षकों को राज्य कर्मचारियों की भांति कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान किया जाए। कहा कि शिक्षकों को 10 लाख रुपये का सामूहिक बीमा अनुमन्य किया जाए। पारस्परिक स्थानान्तरण में न्यूनतम सेवा अवधि की शर्त को समाप्त किया। साथ ही सत्र भर में कभी भी पारस्परिकत स्थानान्तरण का आवेदन प्राप्त होने पर स्थानान्तरण किया जाए। कहा कि शिक्षकों को संसाधन व प्रशिक्षण दिए बिना ही आनलाइन कार्य करने के लिए बाध्य किया जा रहा है और शिक्षकों का वेतन आहरण रोकने से बचने के लिए साइबर कैफे के माध्यम से आनलाइन कार्य कराने को बाध्य हैं जिससे शिक्षकों का शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। ऐसे कार्य शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से कराया जाए।



### कंटेनर से कुचलकर बाइक सवार युवक की मौत, घर में मचा कोहराम

**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के सिरसी गांव निवासी भरत 32 वर्ष, नवीन मंडी के समीप नेशनल हाईवे पर कंटेनर की चपेट आ गया। इस दुर्घटना में उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। जानकारी के बाद मौके पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पंडित कमलापति त्रिपाठी सयुंक्त जिला चिकित्सालय भेज दिया। इसकी जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया और रोते बिलखते पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। वही पुलिस कंटेनर को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई।

बताते हैं कि सदर कोतवाली क्षेत्र के सिरसी गांव निवासी वीरेंद्र मौर्य का पुत्र भारत मौर्य मुख्यालय स्थित पंडित कमलापति त्रिपाठी स्वयं जिला चिकित्सालय में दवा के लिए आया हुआ था। दवा लेने के बाद अपनी बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही नवीन मंडी के समीप नेशनल हाईवे पर पहुंचा कि पीछे से कंटेनर ने टक्कर मार दिया, जिससे वह गिर गया और पहिया के नीचे आने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। साथ ही, इसकी सूचना परिजनों को दी।

## पदयात्रा को सम्मान के साथ विदा करें चंदौलीवासीः झन्मेजय

**केटी न्यूज/चंदौली**

जिला न्यायालय एवं जिला मुख्यालय निर्माण को लेकर आंदोलन सोमवार को जारी रहा। इस दौरान संघर्ष समिति के अध्यक्ष झन्मेजय सिंह ने कहा कि अपने आंदोलन को अनवरत जारी रखकर अधिवक्ताओं ने बता और जता दिया कि वे संगठित हैं, सशक्त हैं और चंदौली की प्रति पूर्ण रूप से समर्पित है। यही वजह है कि तमाम राजनीतिक व प्रशासनिक दबाव के बावजूद अधिवक्ता अडिग रहे। आह्वान किया कि चंदौली की जनता अधिवक्ताओं के हौसले व उत्साह को बढ़ाने के लिए पदयात्रा तिथि को कुछ समय के लिए अपनी दुकानें बंद कर पदयात्रा को सम्मानपूर्वक चंदौली से रवाना करने का काम करें।

इस दौरान कार्यकारी अध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहा कि अधिवक्ता चंदौली व चंदौलीवासियों के सम्मान, हक और अधिकार की लड़ाई लड़ रहे हैं। प्रशासनिक व राजनीतिक उपेक्षा व शिथिलता के कारण चंदौली को विकास से दूर रखा गया। तमाम प्रयास व संघर्ष के बावजूद राजनेता व अधिकारी स्थानीय जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। इनके द्वारा जनता को गुमराह किया गया। न्यायालय में भी झूठा शपथ-पत्र दाखिल किया गया। यहां तक की जनता को एडीएम चंदौली द्वारा दिए गए लिखित आश्वासन पर प्रशासन ने अमल नहीं किया। यह जनता के साथ वादाखिलाफी है। कहा कि आगामी आठ सितंबर को अधिवक्ता अपनी बातों को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंचाने के लिए चंदौली से पदयात्रा निकाल रहे हैं। उक्त पदयात्रा वाराणसी से होते हुए विभिन्न जनपदों को पार कर लखनऊ पहुंचेगी, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष अपनी बातों व मांगों को रखने का काम होगा। समस्या का हल नहीं निकले पर पदयात्रा अपने अगले पड़ाव दिल्ली के लिए कूच कर जाएगी, जहां प्रधानमंत्री से मिलकर अपनी बातों को मजबूती के साथ रखा जाएगा।




